लोकसभा अध्यक्ष ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। इस बात पर जोर दिया गया कि सत्र के दौरान विधायी विषयों पर अधिक से अधिक सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हो।

...

लोकसभा अध्यक्ष ने रविवार को संसद परिसर का दौरा कर स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों तथा अन्य तैयारियों का जायजा लिया।

...

मानसून सत्र के निर्बाध संचालन के लिए तैयारियां पूरीं: लोक सभा अध्यक्ष

...

संसद परिसर में एक नियंत्रण कक्ष लगातार सेवारत है जो सांसदों की कोविड -19 जरूरतों का निवारण करेगा: लोक सभा अध्यक्ष

...

सत्र की पूरी अवधि के दौरान परिसर में टेस्ट की सुविधा रहेगी। यदि किसी सदस्यों को स्वास्थ्य संबंधी शिकायत होती है तो उनके उचित उपचार की पूरी व्यवस्था की गई है: लोक सभा अध्यक्ष

...

नई दिल्ली, 13 सितम्बर 2020: संसद के मानसून सत्र से पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने रविवार को संसद परिसर का दौरा कर स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों तथा अन्य तैयारियों का जायजा लिया। श्री बिरला ने प्रवेश द्वार से लेकर सभा कक्ष तक एक-एक स्थान को बारीकी से देखा तथा जो भी कमियां दिखाई दी उन्हें तत्काल दूर करने को कहा। उन्होंने सबसे पहले प्रवेश द्वार का निरीक्षण किया तथा वहां लगाए गए थर्मल कैमरा की कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने प्रवेश द्वार पर तैनात प्रत्येक कर्मचारी को भी सैनेटाइजर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सभा कक्ष, कॉरिडॉर, इनर लॉबी, आउटर लॉबी, वेटिंग हाल, मीडिया स्टैंड और परिसर में अन्य स्थानों को देखा तथा छोटी-मोटी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संसद का मानसून सत्र विपरीत परिस्थितियों में आयोजित किया जा रहा है। मानसून सत्र के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा के माकूल इंतजाम किए गए हैं। केंद्र सरकार की गाइडलाइंस तथा विशेषज्ञ संस्थानों के सुझावों का पालन करते हुए सभी स्थानों पर सैनीटाइजेशन व अन्य व्यवस्थाएं माकूल रहें, यह सुनिश्चित किया गया है। बिरला ने विश्वास जताया कि सदन का संचालन निर्बाध तथा व्यवस्थित रहेगा तथा सभी दलों के सहयोग से संसद पूर्व की भांति कार्य उत्पादकता हासिल करने में सफल रहेगी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि सत्र से पूर्व सभी सांसदों व उनके परिजनों का कोविड टेस्ट करवाया गया। सभी सांसदों को सैनेटाइजर, मास्क, ग्लव्ज सहित अन्य स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी सामग्री की किट भेजी गई है।

संसद के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का भी टेस्ट करवाया गया। सत्र की पूरी अवधि के दौरान परिसर में टेस्ट की सुविधा रहेगी। यदि किसी सदस्यों को स्वास्थ्य संबंधी शिकायत होती है तो उनके उचित उपचार की पूरी व्यवस्था की गई है।

श्री बिरला ने यह भी बताया कि संसद परिसर में एक नियंत्रण कक्ष लगातार सेवारत है जो सांसदों की कोवीड -19 जरूरतों का निवारण करेगा।

इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला ने रविवार सुबह संसदीय सौध में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। इस सन्दर्भ में उन्होंने मीडिया को बताया कि बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि असाधारण परिस्थितियों में स्वास्थ्य संबंधी प्रोटोकॉल्स की पालना करते हुए सत्र के दौरान विधायी विषयों पर अधिक से अधिक सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हो। सभी दलों ने विधायी कार्यों व अन्य विषयों में अधिकतम सहयोग के लिए आश्वस्त किया है। सभी सांसद संवैधानिक दायित्वों की पूर्ति के लिए कटिबद्ध हैं।

श्री बिरला ने संसद सदस्यों के लिए संसदीय सौध स्थित स्थापित कोवीड -19 टेस्टिंग व्यवस्था का दौरा किया और वहाँ उपलब्ध तैयारियों का जायजा लिया।